<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–28.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज शाम 4 बजे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को राज्य के चौदहवें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इसके साथ ही हेमंत सोरेन चार बार राज्य की सत्ता संभालने वाले इकलौते मुख्यमंत्री बन जायेंगे। समारोह में कई विशिष्ट लोगों के साथ–साथ लगभग एक लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसे देखते हुए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है।

****************

झामुमो नेता हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में आज देशभर की कई राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। श्री सोरेन ने इंडी गठबंधन के नेताओं को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

****************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा क़ानूनों को और अधिक सख़्त बनाए जाने की आवश्यकता है। श्री वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि सोशल मीडिया अभिव्यक्ति की आजादी का एक बड़ा माध्यम है, लेकिन संपादकीय नियंत्रण न होने के कारण सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री का निर्बाध प्रसार हो रहा है।

****************

सीबीआई ने जेपीएससी–2 नियुक्ति घोटाले की जांच के बाद 60 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। आरोपितों की सूची में 28 परीक्षार्थी, जेपीएससी के छह तत्कालीन पदाधिकारी, 25 परीक्षक और मेसर्स एनसीसीएफ का एक प्रतिनिधि शामिल है। आरोपित परीक्षार्थियों की सूची में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष, सदस्य, विधायक, पूर्व मंत्री और वकील के रिश्तेदारों के नाम भी शामिल हैं। सीबीआई ने राज्य सरकार से 31 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने का अनुरोध भी किया है। इसमें जेपीएससी से संबंधित छह अधिकारी और परीक्षकों के रूप में 25 व्याख्याता शामिल हैं।

****************

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई है। एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों सहित कई मुद्दों पर विपक्षी दलों ने हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में विपक्ष के व्यवहार की निंदा की।

****************

गुमला जिले में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****************

दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव से उठे फेंगल चक्रवाती तूफान का झारखंड में असर दिखेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि तीन दिसंबर तक सुबह कोहरा या धुंध और उसके बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे।

*****************

ओमान के मस्कट में खेले जा रहे पुरूष जूनियर एशिया कप में आज भारतीय टीम का सामना जापान से होगा। इससे पहले कल भारत ने थाईलैंड को 11–0 से हरा दिया। भारत की ओर से अरजीत सिंह हुंदल, सौरभ आनंद कुशवाहा और गुरजोत सिंह ने दो–दो गोल किए।

*****************